प्राचार्य का कार्यालय,दरभंगा चिकित्सा महाविधालय,लहेरियासराय ।

ज्ञापांक– /लहेरियासराय,दिनांक–

अल्पकालिन निविदा सूचना

अपर सचिव, स्वास्थ्य कोषांग, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, बिहार, पटना के पत्रांक–87(अ0स0को0) दिनांक–10/11/2022 के अनुपालन में दिसम्बर 2022 माह के प्रथम सप्ताह में होने वाले प्रधानमंत्री की वर्चुअल बैठक की तैयारी के परिपेक्ष्य में तथा एन0एम0सी0 के डी0एम0एम0पी0 कार्यक्रम के आलोक में निम्नलिखित मशीन उपकरणों आदि के क्रय हेतु विशेष परिस्थिति में निर्माणकर्त्ता, आपूर्तिकर्त्ता, वितरक अथवा विक्रेताओं से निम्नलिखित शर्त्त (Terms and condition) के आधार पर निविदा प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अन्दर सभी आवश्यक कागजातों के साथ अल्पकालीन निविदा का आमंत्रण किया जाता है :–

निविदा का नियम एवं शर्तें:–

1–निविदा निर्गत की तिथि से सात दिनों के अन्दर कार्यालय को प्राप्त हो जाना चाहिए ।

2–सभी निविदा कम्प्युटर टंकित होनी चाहिए । किसी प्रकार का काट–कुट या लीप लेपन होने पर निविदा स्वतः रद्द समझा जायेगा ।
3–निविदा खोलने की तिथि को निविदाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित रह सकते है ।
4–बिहार सरकार/भारत सरकार से मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठानों या लघु उधोग विभाग से निबंधित चालू इकाईयों, उत्पादनरत् को नियमानुसार प्राथमिकता दी जायेगी ।
5–निविदादाता अपने वित्तीय निविदा में सामानों का दर टैक्स सहित एवं टैक्स रहित स्पष्ट रूप से अंकित करेंगें, दोनों दर अंकित नहीं रहने पर निविदा रदद् समझी जायेगी । वित्तीय निविदा लिफाका के अन्दर ही तकनिकी कागजात यथा पैन, जी0एस0टी0 की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति, मशीन की विशिष्टा, गुणवत्ता आदि का उल्लेख संबंधी कागजात की प्रति संलगन करना अनिवार्य है ।
6–जिन आपूर्तिकर्त्ता द्वारा सामानों की आपूर्ति करने में बाधा पहूँचायी जायेगी या समय पर आपूर्ति करने में वे विफल रहेगें, ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जायेगी ।
7–मशीन/उपकरण आदि की आपूर्ति/अधिष्ठापन संबंधित विभागों में करनी होगी । आपूर्तिकर्त्ता द्वारा मशीन/उपकरणों का आपूर्ति/अधिष्ठापन निर्धारित विभाग/स्थापन कर इसका प्रदर्शन/प्रशिक्षण आदि की व्यवस्था संबंधित विभागाध्यक्ष के समक्ष करना होगा । इसके लिए अलग से कोई राशि नहीं दी जायेगी । संबंधित विभाग द्वारा मशीन का कार्य/स्थापना संतोषप्रद कार्य करने का प्रमाण–पत्र प्राप्त होने के पश्चात् ही विपत्रों के भुगतान की प्रकिया की जायेगी । निविदादाता को स्वीकृत सामनों/कार्यो का नमूना या कैंडलॉग एवं अन्य आवश्यतानुसार छोटी मशीन एवं अन्य सामग्री मांग करने पर निरीक्षण हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना होगा।
8–आपूर्तिकर्त्ता को मानक कम्पनी का दर/डी0जी0एस0 एण्ड डी0 का दर उल्लेख अपने निविदा में करना होगा। मशीन का मूल्य किसी भी परिस्थिति में केन्द्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सिलिंग मूल्य से अधिक नहीं होना चाहिए ।
9–एक लाख तक के मशीन/उपकरण की एक वर्ष की गारंटी देनी होगी तथा कम से कम 04(चार) वर्ष का ए0एम0सी0/सी0एम0सी0 वीथ पार्ट्स का एकरारनामा करना होगा । एक लाख से उपर के लागत के मशीन उपकरणों का कम से कम तीन वर्षो का गारंटी/वारंटी देनी होगी तथा कम से कम 07 (सात) वर्षो का ए0एम0सी0/सी0एम0सी0 वीथ पार्ट्स का एकरारनामा करना होगा ।
10–निविदादाताओं को निविदा के साथ अग्रधन के रूप में 20,000/– (बीस हजार रूपये) मात्र का प्राचार्य, दरभंगा चिकित्सा महाविधालय, लहेरियासराय के पदनाम से किसी भी राष्ट्रीय बैंक से बैंक ड्राफ्ट या डाकघर द्वारा प्रतिभूत किया गया राष्ट्रीय बचत प्रमाण–पत्र मूल में संलग्न करना होगा, जिसे मशीन उपकरणों की गारंटी/वारंटी अवधि समाप्त होने के फलस्वरूप आपूर्तिकर्त्ता को वापस कर दिया जायेगा । ए0एम0सी0/सी0एम0सी0 का भुगतान बिहार वित्त नियमावली के अनुसार किया जायेगा ।
11–अधोहस्ताक्षरी को यह पूर्ण अधिकार होगा कि बिना कारण बताये किसी भी निविदा को रद्द अथवा निविदा की तिथि में परिवर्तन कर सकते है ।
12–किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्रा जिला स्तर पर दरभंगा न्यायालय एवं राज्य स्तर पर पटना उच्च न्यायालय होगा।

मशीन उपकरणों का नाम

1.Video conferencing Polycom Real presence Group 500-Model No. Group 500, communication Type-Video Conferencing, Video Resolution-729p(Max 1080p60, Multipoint – 6-way 720, 4-way 1080p.
2. CCTV camera with 4k resolution.

प्राचार्य,
दरभंगा चिकित्सा महाविधालय
लहेरियासराय ।

ज्ञापांक– 4927 /लहेरियासराय,दिनांक– 19.11.22

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।
प्रतिलिपिः–निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवायें, प्रशासन, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित
प्रतिलिपिः–आयुक्त,दरभंगा,प्रमण्डल,दरभंगा/जिलाधिकारी,दरभंगा/महाप्रबंधक,जिला उधोग इकाई,दरभंगा/अधीक्षक,दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल,लहेरियासराय/वाणिजयकर पदाधिकारी,दरभंगा/जिला लेखा पदाधिकारी,दरभंगा,/कार्यालय के सुचना पट एवं बेवसाईट पर प्रकाशन हेतु ।

प्राचार्य,
दरभंगा चिकित्सा महाविधालय
लहेरियासराय ।
19/11/22